आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. अंडमान निकोबार में जनगणना दो हजार सत्ताईस के तहत घरों पर अंकित होगी जनगणना गृह संख्या——सोलह अप्रैल से घर–घर जाकर जुटाई जा रही है विस्तृत जानकारी।

2. आईलैंड फूड फेस्टिवल में दूसरे दिन स्वाद और सांस्कृतिक अनुभवों ने बढ़ाई महोत्सव की रौनक।

3. रंगत के रामन बगीचा तट पर बीच स्पोर्टस फेस्टिवल कल से शुरू हुआ।

4. अंडर–17 राज्य फुटबॉल लीग के रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदान प्रदर्शन किया ।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में जनगणना दो हजार सत्ताईस के अंतर्गत हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन चरण–एक की शुरुआत सोलह अप्रैल से हो चुकी है, जो पन्द्रह मई तक चलेगा। इस चरण में लगभग एक हजार गणनाकार एवं पर्यवेक्षक प्रत्येक घर का दौरा कर आवास की स्थिति, सुविधाओं तथा परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। इस बार डेटा संग्रह की प्रक्रिया पारंपरिक पद्धति से भिन्न है, क्योंकि पहली से पन्द्रह अप्रैल तक स्व–गणना की ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। जिन परिवारों ने स्व–गणना पूरी कर ली है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी को सत्यापन हेतु गणनाकारों को उपलब्ध कराएं। जनगणना अधिनियम, उन्नीस सौ अड़तालीस के तहत नागरिकों के लिए अधिसूचित तैंतीस प्रश्नों के सही उत्तर देना अनिवार्य है। साथ ही, घरों के मुख्य द्वार या दीवार पर जनगणना गृह संख्या अंकित कराने में सहयोग करने का भी आग्रह किया गया है। सभी गणनाकार वैध पहचान पत्र के साथ आएंगे और एकत्रित जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। यह राष्ट्रीय प्रक्रिया सरकारी नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक है। नागरिकों से पूर्ण सहयोग की अपील की गई है। किसी भी सहायता के लिए टोल–फ्री हेल्पलाइन नम्बर एक आठ पांच पांच पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

आईटीएफ ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय आइलैंड फूड फेस्टिवल 2026 के दूसरे दिन रंगारंग कार्यक्रमों और विविध व्यंजनों की सुगंध के बीच उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव में स्थानीय निवासियों और पर्यटकों की भारी भागीदारी जारी रही। विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने शाम को और भी जीवंत बना दिया। दूसरे दिन टीजीसीई, एएनसीओएल और जेएनआरएम के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक को

दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम की शुरुआत झंकार डांस ग्रुप की तिल्लाना फ्यूजन एवं अर्ध–शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति से हुई, जिसके बाद गौरी शंकर ने अपनी प्रस्तुति दी। बीएनए और एमजे म्यूजिक एकेडमी के कलाकारों ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। शाम का भव्य समापन शैलेंद्र सिंह एंड ग्रुप की प्रस्तुति से हुआ। यह महोत्सव द्वीपों की बहुसांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने का मंच प्रदान कर रहा है। महोत्सव में आज अंतिम दिन गरबा नृत्य, पुलिस स्किट, गीत–संगीत और अन्य प्रस्तुतियां होंगी।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कल श्री विजयपुरम स्थित जेएनआरएम कॉलेज में "नशा निवारण, आत्महत्या जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के क्षेत्रीय न्यायाधीश तथा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति स्मिता दास डे की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम से पूर्व न्यायाधीशों ने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उद्घाटन सत्र में न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और आत्महत्या रोकथाम के लिए सामूहिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। वरिष्ठ अधिवक्ता डी.सी. कबीर ने नशा निवारण एवं आत्महत्या जागरूकता पर विस्तृत जानकारी दी, जबकि एएनआईआईएमएस की मनोचिकित्सक डॉ. पूजा गोविंद ने मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में संवादात्मक सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम का संचालन रजिस्ट्रार राशिद आलम ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सम्राट रॉय ने प्रस्तुत किया। इससे पूर्व प्राचार्य डॉ. पर्ल देवदास ने स्वागत भाषण दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

<><><><><><><>

अंडर–17 बालक एवं बालिका वर्ग के आठवें राज्य स्तरीय लीग–कम–नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता में कल खेले गए मुकाबले रोमांचक रहे। बालक वर्ग में ननकौड़ी ने मायाबंदर को चार–एक से हराया, कैंपबेल बे ने विम्बर्लीगंज को तीन–एक से पराजित किया, कार निकोबार ने लिटिल अंडमान को चार–शून्य से मात दी। एक अन्य मैच में ननकौड़ी ने रंगत को एक–शून्य से हराया, जबकि कैंपबेल बे ने मायाबंदर को एक–शून्य से शिकस्त दी। वहीं दूसरी ओर बालिका वर्ग में कैंपबेल बे ने विम्बर्लीगंज को दो–शून्य से हराया, जबकि श्री विजयपुरम् ने ननकौड़ी पर बारह–शून्य की एकतरफा जीत दर्ज की। रंगत ने

लिटिल अंडमान को चार–शून्य से पराजित किया। मायाबंदर ने कैंपबेल बे को तीन–शून्य से हराया, कार निकोबार ने डिगलीपुर को दो–शून्य से मात दी और ननकौड़ी ने विम्बर्लीगंज को नौ–शून्य से पराजित किया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले आज दोपहर ढाई बजे से नेताजी स्टेडियम और जेएनआरएम फुटबॉल मैदान में खेले जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन 22 अप्रैल, को सुबह 6 बजे से SAI जलक्रीड़ा परिसर, सिप्पीघाट में चयन ट्रायल आयोजित करेगा। यह ट्रायल द्वीप समूह की रोइंग टीम के चयन के लिए होगा, जो आगामी छियालीसवीं जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में भाग लेगी। यह चैंपियनशिप सत्रह से इक्कीस मई, तक गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में इच्छुक खिलाड़ी महासचिव येसुदासन के पास इक्कीस अप्रैल शाम पांच बजे तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

<><><><><><><>